# परास्नातक (एम.ए.प्रथम) में प्रवेश हेतु आवश्यक सूचना

दिनांकः 22.07.2023

समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में एम.ए. प्रथम सेमेस्टर/वर्ष (सत्र 2023–24) की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है। महाविद्यालय में परास्नातक अर्थशास्त्र, हिन्दी भूगोल, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है।

महाविद्यालय में परास्नातक एम.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02.08.2023 निर्धारित है। आवेदन फॉर्म समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक 03.08.2023 तक अपराह्न 01:00 बजे तक अनिवार्य रूप से महाविद्यालय कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मानकानुसार एम.ए. में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थी को सामान्य वर्ग व पिछड़ा वर्ग हेतु 45% एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रवेशार्थियों हेतु 40% न्यूनतम अंक स्नातक में आवश्यक रूप से होने चाहिए। साथ ही अन्य फैकल्टी से कला संकाय में प्रवेश लेना चाहता है तो स्नातक में 50% अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर स्नातकोत्तर में प्रवेश ले सकता है। स्नातकोत्तर/एम.ए. में प्रवेश हेतु स्थान सीमित होने के कारण शीघ्रातिशीघ्र प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। प्रवेश सम्बन्धी जानकारी के लिए महाविद्यालय नोटिस बोर्ड एवं बेवसाइट www.cgncollege.com का निरंतर अवलोकन करते रहें।

आज्ञा सेः<br>
प्राचार्य